**Regarding irregularities in National Board of Examination in Medical Services-Laid**

डॉ. बच्छाव शोभा दिनेश **(धुले) :** पिछले दस वर्षों में, नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (NBEMS) में भ्रष्टाचार और कदाचार की कई घटनाएँ सामने आई हैं । 2021 में, देखा गया कि डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड (DNB) और फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स (FMG) के उम्मीदवारों पर अनुचित तरीके से GST लगाया गया था । 62.5 करोड़ रुपये गलत तरीके से एकत्र किए गए । 2022 में, लोकपाल ने पाया कि, NBEMS ने बिलडेस्क को अधिक भुगतान किया था, जिससे सरकारी खजाने को 327 लाख का नुकसान हुआ । भर्ती प्रक्रिया में हेराफेरी, कुप्रबंधन, नियमों का उल्लंघन, वित्तीय हेरफेर और अन्य अनियमितताओं की घटनाओं की पुष्टि CBI और स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गठित आंतरिक समिति दोनों ने की थी । 2021 में, आरटीआई से पता चला कि डीएनबी की ऑर्थोपेडिक्स परीक्षा में 48 उम्मीदवारों के उत्तर पत्र "तकनीकी-त्रुटि" की आड़ में बदल दिए गए थे । परीक्षा के उम्मीदवारों ने एफएमजी परीक्षा के प्रारूप में बिना सूचना के बदलाव और परिणाम जारी करने में देरी के लिए बार-बार शिकायत की है । मैं सरकार से आग्रह करती हूं कि वह एनबीईएमएस के लिए जांच गठित करे और दोषियों को दंडित करे । एनबीईएमएस में निष्पक्ष व्यवहार सुनिश्चित करने और उम्मीदवारों और स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के हित के लिए सख्त नियामक उपाय लागू किए जाने चाहिए ।